हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 19 मई 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 समर कैंप में छात्रों के बहुमुखी प्रतिभा का हो रहा...

12 ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर संबलपुर...



# अवैध के रेत खदान संचालन करने वाले तस्करों पर गाज गिरनी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खनिज विभाग ने स्वीकृत रेत खदान और भंडारण की स्वीकृति लेने वालों का खुलासा किया है, वहीं अवैध रेत खदानों पर निरंतर कार्यवाही किए जाने की बात कही है। जिले में 17 रेत खदान संचालित है, वहीं 12 स्थलों में अस्थायी भंडारण की अनुमति दी गई है। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तहसील चारामा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में और दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम चिहरो में औचक निरीक्षण के दौरान कार्रवाई करते हुए 16 मशीन जप्त किया गया। प्रकरण दर्ज किया जाकर दण्डात्मक कार्रवाई करते हुए 8 प्रकरणों में 5 लाख 32 हजार अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई है। शेष पर दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान 7 मई को ग्राम पंचायत भिरौद में अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने पर 1 मशीन जब्त कर दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। जिला उड़नदस्ता दल द्वारा चारामा क्षेत्रांतर्गत विगत दो माह में अवैध परिवहन के कुल 10 प्रकरण दर्ज कर अर्थदण्ड आरोपित करते हुए राशि 3 लाख 76 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया है। जिला उड़नदस्ता दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौण खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के कुल 142 प्रकरण दर्ज किया गया है जिसमें से 138 प्रकरणों में राशि रूपये 32 लाख 40 हजार 482 रुपए वसूल किया जाकर शासकीय कोष में जमा कराया गया है। इसके साथ ही इस अवधि की 04 प्रकरणों में कार्रवाई प्रचलन में है। जिले में गौण खनिज साधारण रेत के लिए संचालित खदानों में खदान संचालनकर्ताओं, सरपंच एवं सचिव को स्वीकृत खदान क्षेत्र के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 16 चेन माउंटेन पर लगा 5 लाख का अर्थदंड

### जिले में संचालित 17 रेत खदानें

खनिज विभाग के अनुसार जिले में 17 रेत खदानें ग्राम पंचायत भिरौद, ग्राम पंचायत अरौद, ग्राम पंचायत भिलाई, ग्राम पंचायत बासनवाही, ग्राम पंचायत करिहा, ग्राम पंचायत हाराडुला, ग्राम पंचायत किलेपार, ग्राम पंचायत माहुद, ग्राम पंचायत करप, ग्राम पंचायत परमेली, ग्राम पंचायत भण्डारडिगी, ग्राम पंचायत गुदुम में स्वीकृत किया गया है, जो पंचायतों द्वारा संचालित हैं। खदानों का नियंत्रण पंचायतों द्वारा किया जा रहा है तथा पंचायतों द्वारा ही रायल्टी एवं प्रीमियम की राशि वसूल कर पंचायत के खाते में जमा किया जा रहा है।



### जिले में रेत के 12 अस्थायी भण्डारण

ग्राम पंचायत बाबूकोहका, ग्राम पंचायत बासनवाही, ग्राम पंचायत सराधुनवागांव, ग्राम पंचायत किलेपार, ग्राम पंचायत जैसाकर्रा, ग्राम पंचायत गढ़पिछवाडी, ग्राम पंचायत नवागांव, ग्राम पंचायत अरौद, ग्राम पंचायत माहुद, ग्राम पंचायत डांगरा में स्वीकृत किया गया है तथा ग्राम पंचायत करिहा, ग्राम पंचायत सिरसिदा, ग्राम पंचायत गुलालबोड़ी, ग्राम पंचायत सोनादई में भण्डारण स्वीकृत किए जाने की कार्यवाही प्रगति में है, जिससे वैध तरीके से गौण खनिज रेत की उपलब्धता जन सामान्य को हो सके।

## खबर संक्षेप



### सनातन समाज का किया गठन, दी गई जिम्मेदारी

**भानुप्रतापपुर।** ऋषि-मुनियों और संत-महंतों के धर्मशास्त्र को आधारस्तंभ मानकर समाज, राष्ट्र और धर्म की उन्नति और सनातन धार्मिक विचारों को जन जन तक पहुंचाने सनातन समाज का गठन किया गया। बैठक में सनातन समाज भानुप्रतापपुर के संरक्षक का दायित्व मोहन हरद्वानी, चंद्रमौली मिश्रा,श्याम शुक्ला, लाली रंधावा को, अध्यक्ष गौरव चोपड़ा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सिद्धू, कपूरचंद बघरेचा,राहुल शुक्ला, नरेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष अनन्त कोठारी,सचिव संजय नायक, सह सचिव यस कथूरिया, विजय पंजवानी और सलाहकार चंद्रकुमार कटझरे, दीपक विश्वास, मीडिय प्रभारी सुमन सिन्हा, अभिषेक पांडे को प्रिंट और राजकुमार दुबे व संतोष बाजपेई को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कि जिम्मेदारी दी गयी। सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र शर्मा और दीनू नथानी, समन्वयक भगत शांडिल्य रहेंगे। कोर कमेटी का भी गठन किया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सीएचसी धनेलीकन्हार में ईलाज के लिए लाए जिला बिलासपुर के कोटा थानांतर्गत ग्राम लहगांभठ निवासी 22 वर्षीय सुशील ध्रुव का मौत हो गया। जिला मुंगेली के खुढिया थानांतर्गत ग्राम दानोखार निवासी 22 वर्षीरू नरेंद्र ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतक को बिजली करंट लगा था। ईलाज के लिए अस्पताल लाए थे, जहां उसका 17 मई को दोपहर 2 से 3 बजें के बीच मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## कार्रवाई : कार्य की धीमी प्रगति को लेकर विधायक एवं कलेक्टर ने जताई नाराजगी

# विधायक और कलेक्टर ने किया शहर के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम एवं कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने 18 मई को विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अनेक बार निर्देशों के बाद भी काम में वांछित प्रगति नहीं आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी को दिए। जानकारी के अनुसार 18 मई की सुबह 10 बजे विधायक एवं कलेक्टर ने घड़ी चौक से पंडरीपानी रोड तक पैदल भ्रमण किया, जहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लिया। उन्होंने कार्य में तेजी लाकर आगामी बारिश से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को



शीघ्र पेड़ों की कटाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं बिजली पोल शिफ्टिंग के धीमे कार्य पर नाराजगी जताते हुए तत्परता से कार्य पूर्ण करने को कहा। इस सड़क को लेकर मुहल्लेवासियों ने कई बार जल्द निर्माण किए जाने की माँग भी कर चुके है। उसके बाद भी संबंधित विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहा है। कलेक्टर एवं विधायक तहसील कार्यालय में निर्माणाधीन द्वार के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मस्जिद चौक पर नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए विधायक एवं कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दि,ए ताकि ट्रैफिक एवं नागरिकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो। मेलाभाठा स्थित तालाब के गहरीकरण कार्य का भी जायजा लिया गया। इस दौरान आसपास की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया। तदुपरांत शासकीय कोमलदेव अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक्स-रे कक्ष एवं कैजुअल्टी वार्ड का दौरा किया। इस दौरान ऑर्थो वार्ड में भर्ती मरीज कमिलता बाई से मुलाकात कर विधायक ने उनका हालचाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया। नया बस स्टैंड की निरीक्षण के ▶▶| शेष पेज 10 पर



### निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित

शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के अलावा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, संबंधित विभाग के अधिकारी, ठेकेदार व अन्य अमला उपस्थित रहा।

### चार अधिकारियों को जारी होगा नोटिस

कार्य में अनावश्यक विलंब करने और लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल ट्रांसमिशन, कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल, कार्यपालन अभियंता पीएचई और मुख्य नगरपालिका अधिकारी कांकेर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए।

# ग्रामीण ने गांव के एक परिवार पर जादू टोना करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बड़ेतेवड़ा में एक ग्रामीण ने एक परिवार पर जादू टोना का आरोप

- जान से मारने की दी धमकी




लगाते हुए जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी ने शिकायतकर्ता परिवार के सदस्यों से कहा कि तुम लोग टोनहा हो और इससे वह और उसकी बेटी बीमार रहते है। आरोपी ने ऐसा कहते हुए गाली देते हुए जाने से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेतेवड़ा निवासी हिराऊराम सलाम पिता रताउराम सलाम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 17 मई की शाम को मेरे पिता रताउराम सलाम व घर के अन्य सदस्य घर पर थे। मेरे बड़े पिता सिताउ राम सलाम का मकान हमारे घर के पास में ही है। इसी दिन शाम को 7 बजे कोई व्यकित मेरे घर के सामने आकर चिल्ला-चिल्लाकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे सुनकर वह और मेरे पिता रताउ राम घर से बाहर निकलकर देखे तो हमारे गांव का रामूराम सलाम घर के सामने खड़ा था। उसी समय बड़े पिता सिताउ राम सलाम भी अपने घर से बाहर निकलकर गली में आ गए। रामूराम सलाम से पूछा किसको गाली गलौज कर रहे हो, तब उसने गुस्से में आकर बोला कि तुम और तुम्हारे पिता रताउ राम तथा तुम्हारे बड़े पिता सिताउ राम टोनहा हो, तुम लोग जादूटोना करके मुझे एवं मेरी बेटी को बीमार करते हो, जिससे परेशान रहता हूं। हम दोनों इलाज कराने पर भी ठीक नहीं होते हैं। तुम लोग जादूटोना करके अपने दोनों बोर में पानी निकलवाकर खेती कर रहे हो। तुम लोगों के कारण ही इतना परेशान हूं। तुम तीनों को जान से खत्म कर दूंगा, फिर मुझे कोई परेशानी नहीं होगी। रामूराम को बोला कि हम लोग कोई जादूटोना नहीं जानते हैं, तुम भी अपने घर में बोर कराओ, तुम्हारे घर में भी पानी निकलेगा। तब वह और भी ज्यादा गुस्से में आकर मारने-पीटने पर उतारू हो रहा था। उसके गुस्से में रहने से विवाद बढ़ेगा सोचकर वह और पिता घर के अंदर चले गए। बड़े पिता भी अपने घर अंदर चले गए।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामूराम सलाम के खिलाफ धारा 5 एलसीजी, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पिकअप व बाइक में सीधी भिड़ंत एक की हुई मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बांदे से जनकरपुर मार्ग में हादसा

बांदे थानांतर्गत बांदे से जनकरपुर मार्ग में 17 मई शनिवार को रात के लगभग 8 बजे के आसपास पिकअप और बाइक में आमने सामने भिड़त हो गई। बाइक में सवार दो युवकों में एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार 17 मई की रात को लगभग 8 बजे के आसपास दो युवक बाइक



सवार होकर जनकपुर से बांदे की ओर रवाना हुए थे। विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन बाजार गाड़ी क्रमांक सीजी 05 एआर 3039 के साथ आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक क्रमांक सीजी 19BT 7726 में सवार दो युवक रोहित सरकार पिता माणिक सरकार उम्र 18 वर्ष ग्राम पीवी 78 जनकपुर का ईलाज के लिए अस्पताल लाते लाते दम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### शव को परिजन को सौंपा

पुलिस ने रोहित की मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर मर्ग कायम कर परिजनों को शव सौपा गया। घटना के बाद पीव्ही 78 जनकपुर में मृत्यु की खबर से पूरा ग्राम स्तब्ध हो गया। परिजन के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरा का पूरा गांव शोक में डूबा गया।



### भागवत कथा सुनने पहुंची विधायक मंडावी

**भानुप्रतापपुर।** नगर भानुप्रतापपुर के सुभाषपारा में साहा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मण्डावी शामिल होकर कथा का श्रवण किए। विधायक ने कहा संतजनों के मुख से निकली अमृतमयी कथा ने मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और सकारात्मकता का संचार करते हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र ठाकुर, पार्षद विजय धामेचा, राजेश तिवारी, पार्षद मनदीप कौर ढींढसा, गुरदीप सिंह ढींढसा, गोपाल राठी, रवि साहू व अन्य उपस्थित रहे।

# महारानी अहिल्या बाई होलकर की जयंती की तैयारी को लेकर कमल सदन में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रखर राष्ट्रवादी, धर्म परायण, मराठा शासन की सशक्त महिला शासक अहिल्या बाई होलकर को 300 वीं जन्म जयंती को मनाने को लेकर कमल सदन में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में रणनीति तैयार की गई।

मुख्य वक्ता बालोद के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू ने महारानी अहिल्या बाई की जीवनी के बारे में बोलते हुए कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली अहिल्या बाई अपने गुणों से राजपरिवार की रानी बन गई । महारानी अहिल्या बाई को लोकमाता या राजमाता भी कहलाती है। विवाह के कुछ समय बाद ही अहिल्या बाई के राजपरिवार के 60 लोगो की अकाल मृत्यु हो गई, जिसमें उनके पति भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि मालवा क्षेत्र का शासन महारानी के हाथों में आने के बाद अहिल्याबाई ने अपने राज्य के लोगो की भलाई और विकास के लिए वो कार्य किया जो किसी और शासक ने नही किया था। अहिल्याबाई राजमाता होते हुए भी कभी सिंहासन में नही बैठी। सामान्य कुर्सी में बैठकर लोगो से मिलती थी और न्याय ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कार्यक्रम की तय हुई रूपरेखा

भाजपा ने अहिल्या बाई होलकर को 300 वीं जन्म जयंती पर कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया, जिसके तहत 21 एवं 22 मई को महारानी अहिल्या बाई के जीवनी से संबंधित प्रदर्शनी, 23 एवं 24 मई को मंदिरों के आसपास सफाई, 25 एवं 26 मई को कालेज में अहिल्या बाई की जीवनी पर परिचर्चा होगी। समाज के विभिन्न क्षेत्रों की विदुषी महिलाओं का सम्मान, 26 एवं 28 मई को मंडल स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन, 29 एवं 30 मई को नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रो में अहिल्या बाई होलकर की जीवनी से लोगों को परिचित कराया जाएगा।

## ज्येष्ठ माह में वट सावित्री के साथ अन्य पर्वों का रहेगा माहौल

# ज्येष्ठ माह में सूर्य की और बढ़ेगी तपिश, नौतपा भी इस बार तपायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ज्येष्ठ माह शुरू होते ही सूर्यदेव की तपन तेज हो जाती है, परंतु पश्चिमी विक्षोभ के चलते तीन दिनों से शाम के मौसम में बदलाव हो जाता है। इस माह भीषण गर्मी का वातावरण रहेगा। अगले माह से आषाढ़ बारिश का महीना शुरू हो जाएगा, जिसके चलते किसान अभी से किसानी की प्रारंभिक कार्य में जुटने लगे हैं। खेतों की सफाई व मरम्मत कार्य इन दिनों शुरू कर दिया गया है।

पंचाग के अनुसार 13 मई से ज्येष्ठ माह प्रारंभ हो गया है। ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ माह जिसे जेठ माह भी कहते हैं। इस माह में सर्वाधिक गर्मी का वातवरण रहता है। सामान्य दिनों की अपेक्षा धूप तेज और भभकती गर्मी का माहौल रहता है। नवतपा भी इसी माह धरती को तपन देता है। ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही मौसम जरूर कुछ चंदला है, लेकिन वो दिनों के बाद गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू होने की संभावना है। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान भी होंगे। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। भीषण गर्मी से दोपहर को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। शाम होने के बाद ही चहल पहल हो पा रही है।




### 25 मई से 2 जून तक नौतपा

ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही मौसम जरूर बदला है, लेकिन वो दिनों के बाद गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू होने की संभावना है। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान भी होंगे। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। ज्येष्ठ माह में ही 26 मई से ही नौतपा लगेगा, जो 2 जून तक चलेगा। ऐसी मान्यताएं है कि नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी होती है, उतना ही बेहतर बारिश होने की संभावना रहती है। इधर ज्येष्ठ माह शुरू होते ही अंचल के कई किसान खेतों में प्रारंभिक किसानी कार्य के लिए पहुंचने लगे है। इन दिनों खेतों की साफ-सफाई सहित मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि कई अवती पर्व से ही परंपरानुसार कृषि का प्रारंभिक कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। आषाढ़ माह लगने से पूर्व ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारिश के मौसम हेतु पूर्व से ही व्यवस्थाओं में जुट गए है।

### वट सावित्री व्रत 26 मई को



इस माह सौभाग्यवती महिलाएं पति के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना लिए वट सावित्री पर्व 26 मई को मनाई जाएगी। इस दिन कठिन निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष बरगद के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामनाएं करेंगी। अंचल में ऐसी मान्यताएं भी है कि जेठ माह में घर-परिवार में जेष्ठ पुत्र-पुत्री का मांगलिक आयोजन नहीं किया जाता।

# अलबेलापारा तालाब में चला गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर के अलबेलापारा तालाब में 18 मई रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। बारिश के पहले तालाबों में सफाई अभियान जोरो पर चल रहा है। शहर के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। सामाजिक संस्था जन सहयोग द्वारा रविवार 18 मई की सुबह शहर के प्रथम वार्ड अलबेला पारा तालाब क्षेत्र में स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। तालाब में जगह-जगह कचरो के ढेर हो गए थे और तालाब के आसपास भी बहुत अधिक गंदगी पसर गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए वार्ड पार्षद उगेश्वरी उइके जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी से स्वच्छता अभियान के लिए सहयोग मांगा था, जिसे स्वीकार करते हुए रविवार को जनसहयोग की टीम ने सुबह सवेरे स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि कई घंटे काम करने के बावजूद हम अभी संतुष्ट नहीं हैं, क्योंकि 10 प्रतिशत ही कचरा साफ़ हुआ है। आने वाले ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पुलिस सुरक्षा में आरोपी ने मां का किया श्राद्ध

**जगदलपुर।** पत्नी और पुत्र की हत्या के आरोप में केंद्रीय जेल जगदलपुर में विचाराधीन बंदी अमिताभ रॉय को जवानों ने हथकड़ी मे लाकर सुरक्षा के बीच मां के अंतिम क्रियाकर्म के लिए उसे लेकर आये। पिछले दिनो महारानी वार्ड निवासी मंजू रॉय का निधन हो गया था। पति और छोटे पुत्र के देहांत हो जाने के कारण जेल में बंद अभिताभ को यह काम करना पड़ा । कुछ दिन पहले जेल से मुक्तिधाम लाया गया था । जहां उसने मां की चिता को अग्नि दी थी। आज रविवार को श्राद्ध का कार्य उसने सुरक्षा व निगरानी के बीच किया। इस मौके पर परिवार के रिश्तेदार मौजूद थे।

### सत्य साई सेवा समिति ने निकाली कलश यात्रा

**जगदलपुर।** श्री सत्य साई सेवा समिति ने रविवार की शाम को शहर में वृहद कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ंगो से होते हुए श्री सत्य साई सेवा समिति में महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ। भगवान श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के कार्यक्रम के अंतर्गत सत्य साई प्रेम वाहिनी रथ पुटपरती से प्रारंभ होकर पूरे भारत के विभिन्न प्रांतों, जिलों एवं समितियां में भ्रमण कर श्री सत्य साई बाबा का मुख्य संदेश लव ऑल सर्व ऑल अर्थात सबसे प्रेम करो एवं सब की सेवा करो का भाव जन मानस के पटल पर अंकित करना है। समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यह प्रेम वाहिनी रथ 10 मई को प्रवेश हुआ एवं जगदलपुर में यह रथ 15 मई को प्रवेश हुआ। श्री सत्य साईं सेवा समिति जगदलपुर द्वारा इस प्रेम वाहिनी रथ का स्वागत अत्यंत भक्ति एवं आनंद पूर्ण रूप से भक्तों, गुरुओं और बाल विकास बच्चों एवं युवाओं द्वारा जोर-शोर से किया गया। जगदलपुर के आसपास के गावों में लगभग 30 से अधिक जगहों पर रथ का भ्रमण हुआ और सभी जगह भक्तों ने बहुत ही भक्ति एवं आनंद से रथ का स्वागत एवं पूजन किया।

### समाजों के बीच खेली जाएगी क्रिकेट स्पर्धा

**जगदलपुर।** शहर के ऐतिहासिक हाता मैदान में 23 मई से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। सामाजिक एकता कप के नाम से खेली जा रही इस प्रतियोगिता में 18 समाजों की टीमें भाग ले रही है। इस रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीमों को चार पुलों में बांटा गया है। पत्रकार वार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि शहर में लगभग 70 से अधिक समाजों से जुड़े लोग आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते हैं। इसी एकता और भाईचारे को और भी मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य के साथ जगदलपुर और बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में यह पहली बार हो रहा है कि अलग-अलग समाजों को एक मंच पर लाकर खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। चेंबर भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सामाजिक एकता कप का अनावरण भी किया गया। पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति की घोषणा भी की गई। जिसमें संरक्षक मंडल में खेमसिंह देवांगन,अब्दुल समीर, सुब्बा राव,बलराम यादव, रोजवीन दास,अतुल जैन को रखा गया है।

### समीक्षा : सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान : कश्यप

# अर्थव्यवस्था का लाभ व रोजगार में स्थानीय को मिले प्राथमिकता : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर की पवित्र भूमि में आप सब सेवा दे रहे हैं, इसलिए क्षेत्र की स्थानीय जनता को एक ऐसा सिस्टम आप दें जो क्षेत्र के विकास की गति को बढ़ावा दे, स्थानीय लोगों को मजबूत बनाए। अर्थव्यवस्था में स्थानीय लोगों का लाभ हो, साथ ही रोजगार के अवसरों में स्थानीय लोग को प्राथमिकता मिले। उक्त बातें उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कही।

उप मुख्यमंत्री ने मनरेगा के कार्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु रोजगार में मानव दिवस, आंगनबाड़ी केंद्र और उचित मूल्य की दुकान निर्माण की प्रगति का संज्ञान लिया। निर्माणाधीन भवन कार्य का पूर्व सरपंच के द्वारा पूरा नहीं किया गया है तो उसे अन्य मद से भवन को पूरा करवाया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों को जारी किस्त की स्थिति, योजना में मृत हितग्राही के नामिनी को हस्तांतरण की स्थिति का संज्ञान लिया। विकास कार्यों में आवश्यक समानों के विक्रय हेतु स्व सहायता समूहों को दायित्व देने के भी निर्देश दिए। साथ ही समूह को हल्दी, जिमी कंद, पपीता उत्पादन के साथ झींगा और बतख पालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। स्व सहायता समूह के उत्पादों को व्यापार के लिए मार्केट तक पहुंच सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में जन भागीदारी समिति गठन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड का दौरा लगातार करें और किसानों को योजनाओं का लाभ दिलवाएं। इस बैठक में वनमंत्री केदार कश्यप, महापौर संजय पांडेय, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### शासकीय जमीन में अवैध निवास करने वालों को तत्काल हटवाएं

बैठक में वन मंत्री ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार समिति का गठन पर चर्चा करते हुए कहा कि समिति को वन प्रबंधन के दायित्व को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का उपयोग हेतु जनता को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने स्वामित योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया का संज्ञान ले कर शासकीय जमीन में अवैध निवास करने वालों को तत्काल हटवाने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बने सड़कों में भारी वाहनों के आवागमन से खराब हुए सड़कों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए साथ ही सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने कहा।

### जालसाजी के प्रकरण में तुरंत हो कार्रवाई

बैठक में जल जीवन मिशन के कामों की प्रगति, समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के निराकरण, धान का उठाव की स्थिति, धान के अलावा अन्य फसलों का खरीदी की स्थिति, शिक्षा विभाग में युक्तियुक्त करण की स्थिति, स्थाई जाति प्रमाण पत्र और सायकल वितरण की स्थिति, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आयोजन, कौशल विकास योजना, वृक्षारोपण, तेंदुपत्ता खरीदी, लघु वनोपज संग्रहण, पुलिस विभाग द्वारा एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही, जालसाजी के प्रकरण, साइबर क्राइम, अन्य राज्यों या अप्रवासी लोगों पर कार्यवाही, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों और उनका निराकरण की स्थिति तथा जिला स्तर पर प्रस्तावित पहल पर चर्चा किए।

# तेंदूपत्ता तस्कर गिरोह पकड़ा गया, 5000 गड्डी बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ 5 आरोपियों से 2 बाइक, 2 ट्रैक्टर व एक पिकअप जब्त

बस्तर संभाग में काष्ठ और वन्यजीवों का तस्करी करते मिले पर अब तस्कर तेंदूपत्ता की भी तस्करी कर रहे हैं। वन्यजीवों की आंध्रप्रदेश, तेलंगाना एवं ओडिशा राज्य ले जाने तस्करी का मामला सामने आया है। सुकमा जिले के दोरनापाल एवं कोंटा परिक्षेत्र में हाल ही में मुखबिर सूचना पर सीसीएफ के निर्देश पर 5 आरोपियों से2 बाइक, 2 ट्रैक्टर एक पिकअप से तेंदूपत्ता के 5000 गडढी अवैध रूप से पकड़ा गया। पकड़ाए तेंदूपत्ता की कीमत लगभग 35 हजार रूपए बताई जा रही है। वन विभाग ने वन अधिनियम के तहत वाहनों एवं तेंदूपत्ता को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान सीसीएफ आरसी दुग्गा ने सुकमा जिले के तेंदूपत्ता के संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने तेंदुपत्ता की तस्करी को रोकने के लिए नाकों के साथ सीमावर्ती राज्यों में उड़नदस्ता एवं जिला स्तर पर गठित टीम तलाशी कर रही है। तस्करी के ऐसे मामलों को रोकने के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर टीमों को व्यापक गश्त करने, चेकप्वाइंट स्थापित करने और अन्य राज्यों से चोरी-छिपे तेंदूपत्ता ले जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### तस्करी रोकने गठित टीम

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि तेंदूपत्ता की तस्करी रोकने के लिए टीम गठित की गई है। बस्तर में गर्मियों के मौसम में हरे सोने की पैदावार होती है। तेंदुपत्ता ही आदिवासियों की कमाई का सबसे बेहतरीन जरिया है, जिससे सरकार को भी राजस्व मिलता है।

# 26 से 28 मई तक होगी कलार समाज की संभागीय महासभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

कलार समाज बस्तर संभाग का ग्राम जुगानी कलार में स्थित संभागीय कार्यालय में 18 मई रविवार को बैठक रखा गया, जिसमें महासभा तिथि को लेकर चर्चा किया गया 26, 27 और 28 मई को तय किया गया है। कार्यक्रम में 27 तारीख को मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता, कौशल विकाश, संसदीय कार्य विभाग मंत्री छ.ग. शासन केदार कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल रहेंगे। 18 मई को हुए इस बैठक में संभागीय अध्यक्ष, दिनेश पोया, उपाध्यक्ष कमल किशोर कश्यप, गजेंद्र सुरोजिया, महासचिव रमेश पांडे, कोषाध्यक्ष जागेश्वर शार्दुल, सलाहकार अक्ष कुमार पांडे, निरीक्षक रामेश्वर बघेल एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी के कार्यक्रम में जिपं सदस्य योगेश का नाम गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा

■ सांसद से लेकर सरपंच तक के नाम भाजपा के होने से कार्ड में लिखा गया





लोक निर्माण विभाग अंतर्गत लोहंडीगुड़ा में 100 सीटर विद्यालय भवन निर्माण व जिला बस्तर से तामड़ाघूमर मार्ग कार्य सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिसमें भाजपा नेताओं का नाम अंकित था। आमंत्रण कार्ड में लोहंडीगुड़ा के जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज का नाम नहीं था। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जीते हुए जनप्रतिनिधि का नाम नहीं लिखे जाने से लोगों में नाराजगी है। जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज ने बताया कि लगातार भूमिपूजन के कार्यक्रम में उनका नाम काट दिया जाता है। आखिर पीडब्ल्यूडी विभाग पर किसका दबाव है। पीडब्ल्यूडी विभाग इस तरह का कृत्य क्यों कर रहा है। चुने हुए जनप्रतिनिधि का अपमान किया जा रहा है। क्या पीडब्ल्यूडी विभाग पर किसी नेता का दबाव है। यह पीडब्ल्यूडी विभाग को स्पष्ट करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं है तो भूमिपूजन कार्यक्रम में छपाए आमंत्रण कार्ड में जिला पंचायत सदस्य का नाम क्यों नहीं छापा गया, इस बात का जवाब पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी को स्पष्ट करना चाहिए। आमंत्रण पत्र में लिखे गए सभी नाम भाजपाइयों के हैं। जिनमें सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप तथा सरपंच डोमुराम कश्यप तक का नाम हैं। लेकिन इसी क्षेत्र से निर्वाचित हुए जिला पंचायत सदस्य में एक का नाम लिखा गया है तथा दूसरा सदस्य कांग्रेस का होने से उसका नाम नहीं लिखा गया। गौरतलब है कि यह क्षेत्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का है। पंचायत चुनाव में निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज उनके रिश्ते में आते हैं। आशंका जताई जा रही है कि यही कारण है कि दबाव के कारण कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को महत्व नहीं दिया जा रहा है।

### करेंगे विरोध

*जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के पूर्व अध्यक्ष महेश कश्यप ने बताया कि भाजपा नेता हवा में उड़ रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद हर जगह अपना नाम और काम लेने की होड़ लगी है। यही कारण है कि निर्वाचित कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों का अनादर किया जा रहा है। यह सब पक्षपात की राजनीति भाजपा ही करती है, इसका जमकर विरोध किया जाएगा।*

### पुलिस ने शुरू की विवेचना

# मोबाइल चला रहे नाबालिग के ऊपर गिरा पेड़, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहलई में रविवार को पेड़ काटने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। गांव के ही 14 वर्षीय बालक के ऊपर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई।



दरअसल ग्राम मोहलई निवासी सुखधर दीवान के खेत मरहान में लगे नीलगिरी पेड़ को काटने का काम चल रहा था। रविवार को सुबह करीब 10:30 बजे मरहान में लगे नीलगिरी के पेड़ को पवन नेताम काट रहा था। वही कुछ दूरी पर 14 वर्षीय नाबालिग बालक पंकज दीवान पिता चरन दीवान बैठ पर मोबाइल चला रहा था। तभी अचानक वह पेड़ पंकज दीवान के सिर के ऊपर गिरा, जिससे उसके सर में अंदरूनी चोट आई और वह बेहोश हो गया। करीब 11 बजे पंकज को तत्काल निजी वाहन से उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# 5600 आवेदन में हुआ 5595 का निराकरण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के विकासखण्ड- जगदलपुर और तोकापाल के ग्राम पंचायतों में शनिवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड जगदलपुर के तहत कोटवार बगीचा नानगूर में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम कावापाल, अलकुरटाईपदर, तिरिया, कालागुड़ा, छोटेकवाली, पोटियापाल, चेचालगुर, नेतानार, पुष्पाल, जोजल, नानगूर, कैकागढ़, कैकाचेरबहार, बेंगलूर, कवालीकला, पलारी, गुमलवाड़ा, कोलावाड़ा, पुलचा, चितलगुर और गुड़िया को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु 5600 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5595 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 5 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़ेमारेंगा के आम बगीचा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम - भड़िसगांव, डिमरापाल, बड़ेमोरगा, गुडरामारेंगा, तेलीमारेंगा, कलेपाल, बुरूंगपाल (नहरमुण्डा), डोंगरीगुडा, केशलूर, सोसनपाल, कानाकुरूषपाल, पलवा, नवागांव, बाघनपाल ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ ने ज्ञापन सौंपा



जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह एवं प्रदेश महासचिव विपिन कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि, प्रदेश के बेरोजगारों, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों, रसोइयों एवं पेंशनर्स तथा लिपिकों की समस्याओं के साथ ही अन्य समस्याओं के निराकरण करने संघ द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन के माध्यम से 15 बिन्दुओं से अवगत कराते हुए निवेदन किया है कि, मांगों को पूरा किया जाए। बेरोजगारों को रोजगार मुहैय्या कराया जाए, प्रदेश के विभिन्न विभागों में कई वर्षों से दैनिक वेतन भोगी के रूप में विभिन्न पदों पर कर्मचारी सेवा दे रहे हैं। उनका नियमितीकरण किया जाये । प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों/छात्रावासों , आवासीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को वर्तमान में दिया जा रहा मानदेय कलेक्टर दर से भी कम है।जो न ही उचित है और न ही न्यायसंगत प्रतीत होता है। शासन द्वारा समय-समय पर जारी महँगाई भत्ता नियमित कर्मचारियों को तो दे दिया जाता है किन्तु पेंशनरों को लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है जबकि, इस उम्र में महंगाई एवं बीमारी को दृष्टिगत रखते हुए पेंशनरों को पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। महँगाई भत्ता आदेश में नियमित कर्मचारियों की भांति इनका लाभ पेंशनरों को भी दिया जाएं। प्रदेश के लिपिकों का सन 1981 वेतन आयोग द्वारा सिफारिश की गयी वेतनमान सूचकांक को देखने से यह पता लगता है कि, लिपिक के संवर्ग अन्य पदों का वेतनमान लिपिकों के वेतनमान से कम रहा है। लिपिक अपने वेतनमान को कार्य के अनुरूप न मानते हुए अपमानजनक वेतनमान स्वीकार कर वेतन प्राप्त कर रहे हैं। प्राप्त वेतनमान में गिरावट करना तथा कम वेतन पाने वाले को उच्चतम वेतनमान देना किसी भी दृष्टि से न तो उचित है और न ही न्यायसंगत है। लिपिकों को सम्मानजनक वेतनमान देने की कृपा करेंगें । लौह अयस्क का भारी मात्रा में परिवहन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जनता के समस्याओं की ओर कोई ध्यान न दिया जा रहा है। बस्तर संभाग के मुख्य रेल्वे स्टेशन जगदलपुर में आजतक रेम्प का निर्माण नहीं किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### अवैध रेत खदान ...

अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से रेत उत्खनन कर उसकी निकासी के लिए किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को सहमति न दिए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### विधायक और ...

दौरान सीएमओ को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। विधायक ने पुलिस विभाग को निरंतर गश्त करने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नए बस स्टैंड में पुलिस सहायता केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

### ग्रामीण ने गांव...

296 बीएनएस, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पिकअप व बाइक...

तोड़ दिया। वहीं बाइक में सवार दूसरा घायल युवक राजेश बाला पिता सपन बाला उम्र 20 वर्ष पीवी 83 गोविंदपुर बांदे निवासी को अस्पताल में ग्रामीणों एवं पुलिस द्वारा उपचार के लिए भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया।

### महारानी अहिल्या...

करती थी। लोगो के बीच बैठकर दोनों समय का भोजन करती थी। अहिल्याबाई होलकर ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार सहित अन्य कई मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार किया। महारानी अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण, भूमि सुधार, लघु उद्योग जैसे कई महान कार्य किए। उन्होंने महेश्वर में साड़ी उद्योग की स्थापना किया। किसानों, मजदूरों, जनजाति समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर न केवल मालवा की शासिका थी, अपितु पूरे देश के लिये एक महान शासक थी । महारानी अहिल्या बाई के कार्य आज भी पूरे देश में परिलक्षित होते है। सांसद ने भी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जीवनी के बारे में बोलते हुए कहा कि महारानी ने अपनी योग्यता के बल पर लोकमाता बनी। उन्होंने अपने राज्य के लोगो के विकास के लिये अनेक कार्य किए। उन्होंने एक निपुण शासक के रूप में अपने राज्य का संचालन किया। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व समाज कल्याण बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने महारानी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक महान शासक थी जिन्होंने अपनी प्रजा व अपने राज्य के विकास के लिये अनेक कार्य किए। आयोजित कार्यशाला में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल सोरी, सतीश लाटिया, दिलीप जायसवाल, हलधर साहू, राजीव लोचन सिंह, निर्मला नेताम, देवेंद्र भाऊ, राजा देवनानी, रत्नेश सिंह, निपेन्द्र पटेल, अरुण कौशिक, राधेलाल नाग, वीरेंद्र श्रीवास्तव, उत्तम यादव, शंकर सरकार, दिनेश रजक, टिकेश्वर सिन्हा, कमलेश उसेंडी, राजा पांडेय, गिरधर यादव, उगेश्वरी उइके, हितेंद्र खटवानी सहित समस्त अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अलबेलापारा तालाब...

दिनों में हम संपूर्ण मोहल्ले को तथा उसके तालाब के आसपास भी सब कुछ साफ सुथरा कर देने की इच्छा रखते हैं। इसके साथ ही मुहल्लेवासियों से यह आशा भी करते हैं कि जहां सफाई हो चुकी है, वहां और कचरा ना डालें बल्कि नगर पालिका की कचरा गाड़ियों का इंतजार करें । यदि मोहल्ले की जनता हमारा सहयोग करेगी तो हमारा अभियान बहुत आसान हो जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भी घोषणा किया है कि आगामी सप्ताह हम नगर पालिका की पूरी टीम के साथ आकर स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। स्वच्छता अभियान के दौरान पूर्व सैनिक टेश्वर जैन, कृष्णा राम जैन, रूप नारायण बनछोर, सुंदरलाल जैन, नोहर गंगबेर, राजेंद्र विश्वकर्मा, संजय जैन, कैलाश मंडावी, चंद्रिका साहू, डॉक्टर श्याम देव,बल्लू राम यादव, संजय कुंजाम, गिरधर यादव आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तालाब के आसपास का कचरा साफकर उसका मौके पर ही निष्पादन भी किया गया।

### नंदलाल पटेल ने दी ग़ज़लों की सुमधुर प्रस्तुति, काटा गया केक

# ग़ज़ल सम्राट पंकज उधास का जन्मदिन एवं पद्मभूषण मिलने की मनी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव







ग़ज़ल सम्राट पद्मश्री पंकज उधास को भारत सरकार ने सन् 2025 में उनके संगीत में उपलब्धियों एवं कैंसर व थेलिमीसिया पीड़ितों के लिए उल्लेखनीय कल्याणकारी कार्यों के लिए पद्मभूषण पुरस्कार दिया गया। कोंडागांव नगर में इस खुशी की खबर ग़ज़ल प्रेमियों में इस तरह छाया कि वे उसके जन्मदिन 17 मई को कालीबाड़ी डीएनके वार्ड में उत्सव एवं उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार पहनाकर तथा उपस्थित प्रबुद्ध, गणमान्यजनों द्वारा केक काटकर किया गया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनीष श्रीवास्तव ने उद्बोधन में कोंडागांव को सांस्कृतिक नगरी बताते हुए कला, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का व्याख्यान किया। अपने इप्टा तथा नाटक विधा के दिनों के अनुभवों को साझा किया। सुरंजन आचार्य वरिष्ठ समाजसेवीने अनूप विश्वास तथा पंकज उधास के संबंधों को दीवानगी व पागलपन की इंतहा तक बताया।

### ग़ज़लों की हुई सुमधुर प्रस्तुति

इस अवसर पर संजय राठौर व्याख्याता भौतिक शास्त्र तथा हितेंद्र श्रीवास प्रधान अध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल, अनूप विश्वास प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर विकासखंड माकड़ी जिला कोंडागांव ने भी अपने पद्मभूषण पंकज उधास के साथ अनूप विश्वास के उम्दा व राष्ट्रीय पहचान रखने वाले संबंध पर आधारित उद्बोधनों से सुशोभित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रजेश तिवारी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी ने किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दुष्यंत ढाली तथा नंदलाल पटेल ने पंकज उधास के ग़ज़लों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं और उपस्थित जनसमूह की वाहवाही बटोरीं ।

### ये रहे उपस्थित

इस विशिष्ट अवसर पर कालीबाड़ी समिति अध्यक्ष प्रहलाद शील, गणेश उपाध्याय, जितेन्द्र गुप्ता, प्रदीप श्रीवास्तव, अशोक साहू, अनिमेष विश्वास, बिधान बाल, प्रफुल्ल हालदार, अशोक मृधा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट शिक्षकों और संकुल समन्वयकों का सम्मान



**सुकमा।** जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा विनोबा ऐप पर फरवरी एवं मार्च माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुकमा संकुल से आकाश कनोजिया, कुड़मेलपारा संकुल से फिरोज खान, पेरमारास संकुल से प्रवीण मिश्रा, और तोंगपाल संकुल से घनश्याम साहू को सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा पोस्ट ऑफ द मंथ के जिला स्तरीय विजेता हपका मूत्ता, भाषाई गतिविधियों में बोलेगा बचपन क्लब की विजेता चंद्रिका कोठारी तथा छिंदगढ़ विकासखंड से प्रेमा तिर्के को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सभी शिक्षकों को उनके कार्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी ऐसे ही बेहतर कार्य करते रहने की शुभेच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में विनोबा टीम की ओर से प्रोजेक्ट अधिकारी सागर गजभिये एवं प्रोग्राम मैनेजर भारत सिन्हा भी उपस्थित रहे। विनोबा ऐप, ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, जो शिक्षकों को डिजिटल मंच के माध्यम से आपस में जुड़ने, शैक्षणिक नवाचार साझा करने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्रदान करता है। हर माह उत्कृष्ट पोस्ट करने वाले शिक्षकों को 'पोस्ट ऑफ द मंथ' के तहत सम्मानित किया जाता है, जिससे शिक्षकों को पहचान और प्रोत्साहन मिलता है।

## मांगों और समस्याओं के निराकरण पर ग्रामीणों में उत्साह

# हीरानार में 1919, अरनपुर में 972 तथा मंगनार में 1725 आवेदन हुए निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के परिप्रेक्ष्य में जिले में हो रहे समाधान शिविर के अतंर्गत आज विकासखण्ड गीदम अतंर्गत ग्राम हीरानार में समाधान शिविर का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ।

इस मौके पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणों से शिविर में अधिकाधिक भागीदारी अपील करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने का ग्रामीणों के लिए यहा एक अच्छा अवसर है। अतः अभी भी ग्रामीण अपने ग्राम से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सकते है। क्योंकि पूरा प्रशासनिक महकमा उनके समक्ष उपस्थित है और उनके आवेदनों पर प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। इसक्रम

■ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन का हुआ वितरण



विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा 5 हितग्राहियों को किसान किताब वितरण, 17 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण, 6 कृषकों को विद्युत पंखें तथा अन्य 10 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 1919 प्राप्त आवेदनों और मांगों का निराकरण हुआ। इसके साथ ही इस शिविर में जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन का भी वितरण किया गया।

इस क्रम में जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत अरनपुर में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अरनपुर, बुरगुम, नीलावाया, नहाड़ी, तनेली पोटाली के ग्रामीण जन शामिल हुये। इस समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 979 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 972 मांग व 7 शिकायत थे, जिसमें 963 तथा 7 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया एवं 9 लंबित मांगों के निराकरण के लिए समय अवधि नियत की गयी है।

इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 4 नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही 3 स्व सहायता समूहों को एक-एक लाख रुपये का स्व रोजगार योजना हेतु प्रदाय किया गया। इस क्रम में श्रम विभाग से 03 ग्रामीणों को श्रम कार्ड, 4 बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 2 सहायिकाओं के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदाय किया गया। पीएचई विभाग की ओर से 4 ग्रामीणों को पानी गुणवत्ता जांच मशीन वितरण एवं खाद्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को शिविर स्थल पर राशन कार्ड प्रदाय किया गया तथा लोक सेवा गारंटी के तहत 39 लोगों का आधार अपडेट एवं 3 नया आधार बनाने के लिए पंजीयन किया गया।

इसके अलावा दंतेवाड़ा ब्लाक अंतर्गत हुए सुशासन शिविर में ग्राम मंगनार में सुशासन शिविर के तहत 1725 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके अलावा मंगनार शिविर में 4 लाइसेंस, 4 किसान क्रेडिट कार्ड, 7 नए आधार कार्ड, 22 आधार कार्ड अपडेट तथा आयुष्मान कार्ड 3 बनाए गए। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सहित जिला स्तरीय अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा निकाली गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखण्ड दरभा अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदबहार में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रत्येक हाथों में तिरंगा था। देशभक्ति विभिन्न नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ग्राम पंचायत देशभक्ति से सराबोर हुआ। यात्रा की शुरुआत पंचायत इंस्पेक्टर करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत दरभा पतिराम कोड़ोपी एवं सचिव मूलचंद सेठिया के नेतृत्व में पंचायत कार्यालय छिन्दबहार से हुई। जो ग्राम के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए वापस पंचायत भवन में सम्पन्न हुई। पंचायत इंस्पेक्टर पतिराम कोड़ोपी ने कहा कि भारतीय सेना के समर्थन में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पूरे देश की जनता सेना के साथ हैं। इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य बुधराम कश्यप हायर सेकेण्डरी स्कूल छिंदबहार द्वारा स्थानीय हल्बी बोली में लोगों को ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के बाद तिरंगा यात्रा निकालने के मुख्य उद्देश्य को समझाया गया और समझ विकसित किया गया कि किस तरह हमारे देश के सेना के वीर सैनिकों ने अदम्य साहस और पराक्रम से देश की रक्षा के लिए अपने जान को जोखिम में डाल कर, देश की रक्षा कर रहे हैं, देश के खातिर मर मिट रहे हैं। ऐसे समय में हमें उनके सम्मान में आगे आना चाहिए और उनका हौसला बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच सोनधर कश्यप, उपसरपंच वीर सिंह नाग, पंचायत इंस्पेक्टर पतिराम कोड़ोपी, पंच लक्ष्मी, मंगली, सचिव मूलचंद सेठिया, प्राचार्य बुधराम कश्यप, फाल्गुनी भारद्वाज, कुश बघेल, वंदना त्रिपाठी, भूपेंद्र त्रिपाठी, पदमनी, कोटवार हेमन्त नाग, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण मौजूद रहे।

## सुलो एवं सुरमनी को मिला प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

जिले के लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड अंतर्गत बड़ाजी निवासी सुलो पति विद्याधर एवं सुरमनी पति मनुराम को समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण स्वीकृति आदेश मिला तो इन दोनों ने अपने पक्के घर के सपना को पूरा करने की ठानी है। यह बात कहते दोनों हितग्राहियों ने बताया कि अब वह हर हालत में अच्छा घर बनाने का प्रयास करेंगे। इन हितग्राहियों ने आवास निर्माण की स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया।

बड़ाजी में आयोजित समाधान शिविर में बेलर के जयराम मंडावी, सोनमति कश्यप, पुजाराती कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, सुशील कवासी, वैजन्ती कश्यप एवं बड़ाजी निवासी सुकाय नाग को श्रमिक पंजीयन कार्ड, बड़ाजी के ही नारायणी, मंगल राम नाग, शिवराम नाग और टाकरागुड़ा निवासी ललिता बघेल को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह प्राथमिक शाला सल्फी पदर के 05 स्कूली बच्चों एवं तराईभाटा के 06 स्कूली बच्चों को स्थायी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र तथा माध्यमिक शाला टोंगसीगुड़ा को साइंस किट प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिए गए आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में त्वरित निराकरण सहित जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के फलस्वरूप लाभार्थियों में खुशी है। समाधान शिविर में बड़े धाराउर निवासी कृष्ण कुमार पिता सुकरू एवं छिंदगांव के पितूराम पिता टेडू को किसान किताब प्रदान किया गया। साथ ही खाद्य एवं कृषि विभाग के हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार की संवेदनशील पहल है। इस दौरान उक्त लाभार्थियों ने इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

## गौण खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग संयुक्त रूप से करें कार्यवाही : कलेक्टर

**जगदलपुर ।** राज्य शासन के आदेशानुसार कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में किया गया। कलेक्टर हरिस ने कहा कि गौण खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। रेत के अवैध भंडारण का जांच करवाएं और बरसात के समय सतत निरीक्षण करें। गौण खनिज के वैध खनन क्षेत्र के हेतु राजस्व और वन विभाग आवश्यक दस्तावेजीकरण कर अनुमति हेतु आवश्यक कार्यवाही माह के अंत तक पूर्ण करें। कलेक्टर ने बैठक में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की जानकारी एवं चर्चा, रेत खदान पर चर्चा, त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में प्राप्त राजस्व राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र के संबंध में, रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र पर चर्चाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस बैठक में वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, सभी राजस्व अधिकारी, खनिज विभाग के शिखर चेरपा सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के मुलेर प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर अमल शुरू

### उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों एवं डोम शेड निर्माण को जिला प्रशासन द्वारा दी गई प्रशासनिक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



सुशासन तिहार के तहत जिले के अति संवेदनशील एवं अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मुलेर में विगत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा औचक पहुंचकर विकास शिविर का निरीक्षण किया गया था।

इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया और मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को रखा। इनमें उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों के निर्माण एवं डोम शेड निर्माण की मांग प्रमुख थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सभी मांगों को तत्काल मंजूरी प्रदान की। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि इन कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए इन विकास कार्यों के लिए कुल 21.54 लाख (इक्कीस लाख चौवन हजार रुपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह त्वरित कार्यवाही शासन की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ग्राम मुलेर जैसे सुदूर अंचलों में इस प्रकार की पहल से न केवल बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु भी सुदृढ़ होगा।

## निधन

### मंगला नाग



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 69 वर्षीय किशोर कुमार नाग की पत्नी 66 वर्षीय मंगला नाग का शनिवार की शाम उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पति सहित पुत्री विकसिता नाग एवं डॉ. छायनिका नाग सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनकी अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिधाम में रविवार को किया गया, जिसमें परिवार, समाज एवं कालोनी निवासी शामिल रहे।

### चंद्रप्रकाश अग्रवाल



**जगदलपुर।** शहर के छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड अघनपुर निवासी चंद्रप्रकाश अग्रवाल (60) का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे पत्नी समेत दो पुत्र स्वप्निल और आशीष अग्रवाल के पिता थे। अंतिम संस्कार प्रवीरवार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में शाम 5 बजे किया गया। जिसमे परिजन, अग्रवाल समाज के लोग सम्मलित हुए।

## अंदरूनी क्षेत्र के गांवों को मिली बीएसएनएल नेटवर्क की कनेक्टिविटी

### गांव के महिला, पुरूष, युवा कर रहे मोबाईल का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीएसएनएल भी बस्तर के हर क्षेत्र में दूरसंचार सेवा के प्रचार प्रसार हेतु प्रयासरत है। दूरसंचार की वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत बीएसएनएल आज वॉइस और डेटा सबंधित किसी भी तरह की मूल्यवर्धक सेवा देने के लिए सक्षम है। वर्तमान में बस्तर संभाग के हर जिले में ब्लॉक स्तर और विभिन्न ग्राम

■ बीएसएनएल ग्राम पंचायत स्तर तक दे रहा इंटरनेट की सेवा

पंचायत स्तर तक भी बीएसएनएल द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट की सेवा दी जा रही है। बस्तर के दूरस्थ अंचलों में बीएसएनएल की 4 जी सेवा उपलब्ध है। इसके चलते बस्तर के अंदरूनी क्षेत्र की महिलाएं, पुरूष एवं युवा मोबाईल का उपयोग कर रहे हैं। इंडस्ट्रियल इकाइयों के लिए विशेष सुरक्षित लीज्ड सर्किट की सेवा डिमांड पर उपलब्ध कराई जा रही है। सर्वे संबंधी कार्यों के लिए विशेष प्लान और व्यवस्था के साथ सेवा प्रदान करने की सक्षमता है। स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के लिए विभिन्न व्यवसायिक मॉडल हैं, इसी क्रम में बीएसएनएल द्वारा अपने नए ग्राहकों के लिए फास्ट इंटरनेट सेवा एक माह के लिए फ्री में देने की योजना जारी की गई है। बताया जा रहा है कि विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस (डब्ल्यूटीआईएसडी) हर साल 17 मई को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस साल इस दिन को 160 साल के नवाचार का जश्न मना रहे, सामाजिक भलाई के लिए प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने, डिजिटल विभाजन को पाटने और सतत विकास लक्ष्य का समर्थन करने के लिए एक साल के अभियान के साथ मनाया। दूरसंचार विभाग ने हाल के दिनों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, प्रभावशाली पहलों और नीति सुधारों के माध्यम से भारत के दूरसंचार क्षेत्र के विकास को गति दी है।



### मोबाइल सुरक्षा, जागरूकता को किया मजबूत

बीएसएनएल बस्तर संभाग के टीडीएम एससी तिवारी ने बताया कि नए दूरसंचार अधिनियम के अधिनियमन, राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) नियमों के कार्यान्वयन, डिजिटल भारत निधि, 5 जी सेवाओं का सबसे तेज रोल आउट आदि जैसी प्रमुख उपलब्धियों ने बुनियादी ढांचे के विकास और बेहतर सेवा वितरण को गति दी है। संचार साथी मोबाइल ऐप जैसे नागरिक-केंद्रित प्लेटफॉर्म ने मोबाइल सुरक्षा और जागरूकता को मजबूत किया है, जबकि 4 जी एवं 5 जी तकनीकों के स्वदेशीकरण में महत्वपूर्ण प्रगति की गई है, जिससे दूरसंचार बुनियादी ढांचे में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। 160 वां डब्ल्यूटीआईएसडी दूरसंचार क्षेत्र में उपलब्धियों और विकास पर गर्व करने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करने का एक उपयुक्त अवसर है।

## ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए, जिन्होंने तिरंगा हाथों में लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में लोगों को जागरूक करना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर नगर पंचायत के द्वारा तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया गया, जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रमुख रूप से उदबोराम नाग, डॉ. वीएस राजपूत, पार्षद समीर मिश्रा, आसावती बघेल, वीरसिंह, शिव सेंगर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह आयोजन ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम और बलिदान के समर्थन में किया गया था, जिसमें महिला समूह और नगरवासियों ने भी सक्रिय भागीदारी की।

# चिकित्सा शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सुकमा जिले के एफओबी गोमगुड़ा में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने शिरकत कर बस्तरिया बटालियन द्वारा लगाए गए मुक्त चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया।

इस दौरान हरविंदर सिंह कमांडेंट 241 वाहिनी ने ग्रामीण को संबोधित करते हुए कहां की यह बटालियन हर मुसीबत में आपकी सुरक्षा व मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भटके हुए नौजवानों को समर्पण कर मुख्य धारा में लौटने की अपील करते हुए देश के उन्नति में भागीदारी बनने को कहा। गौरतलब है कि ग्रामीणों व सुरक्षा बलों के बीच आपसी सामंजस्य बनाने के लिए 241 बटालियन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थापित की गई फॉरवर्ड ऑपरेशन बेस गोमगुड़ा में इस चिकित्सा शिविर में शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के



दौरान गोमगुड़ा वह आसपास के गांव के बीमार ग्राम वासियों की मेडिकल जांच कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर में डॉ. ब्रिजेश चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच में 19 ग्रामीण आंख के रोग से ग्रसित थे। वहीं 9 ग्रामीणों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार दवाइयां का वितरण किया गया। मोतियाबिंद रोग से ग्रसित चिन्हित किए गए नव ग्रामीणों की आंखों का ऑपरेशन चश्मा तथा दवाइयां भी बटालियन द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई गई। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गोमगुड़ा के अलावा जालेगुड़ा, मीनागट्टा वह पालेगुड़ा गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान हरविंदर सिंह कमांडेंट 241 बटालियन, डॉ. बृजेश कुमार चिकित्सा अधिकारी, प्रमोद कुमार सिंह सहायक कमांडेंट, विनोद कुमार शर्मा सहायक कमांडेंट बी 241, मृत्युंजय कुमार सहायक कमांडेंट सी 241, गौरव बलियन सहायक कमांडेंट 203 कोबरा बटालियन के अतिरिक्त ग्राम के साथ स्थानीय ग्रामीण 241 बस्तरिया बटालियन के जवान मौजूद रहे।

## जावंगा में भाषण से पहले वित्तमंत्री ने कही दिल की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एजुकेशन सिटी जावांगा गीदम में शनिवार को आयोजित हुए रजिस्ट्री में दस बड़ी क्रांतियां कार्यशाला के दौरान किस तरह जावंगा एजुकेशन सिटी निर्माण में कोवासी बोमड़ा ने भूमिका निभाई, उसे याद कर भाषण से पहले बोमड़ा दादा का चरण वंदन करते प्रदेश के वित्तमंत्री ओ पी चौधरी ने उक्त बातें कहीं। चौधरी ने कहा कि एजुकेशन सिटी के निर्माण की यात्रा तब तक पूरी नहीं हो सकती थी ज़ब तक बोमड़ा दादा साथ नहीं देते। बोमड़ा दादा का यह योगदान वे भूल नहीं सकते। विपरीत परिस्थिति में उन्होंने प्रशासन का साथ दिया। बहरहाल, कुछ अलग काम करने का माद्दा ही बोमड़ा कोवासी को अलग बना देता है। शिक्षा के प्रति उनका फोकस अधिक रहता है। वे जनजाति समुदाय में शिक्षा को लेकर अक्सर जागरूकता फैलाने का काम करते हैं। उनके प्रत्येक कार्यक्रम में शिक्षा पर जोर होता है। उनका मानना है कि शिक्षा ही समाज के विकास की प्रथम पाठशाला है शिक्षित समाज ही देश प्रदेश को आगे ले जा सकता है।

■ बोमड़ा दादा का मंच से किया चरण वंदन माना आभार

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की सामान्य सभा स्थगित

**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की सामान्य सभा की बैठक 19 मई को दोपहर 12 बजे जनपद की सभा कक्ष में आयोजित होनी थी जो कि अपहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने बताया है कि जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की सामान्य सभा की बैठक की जानकारी अलग से दी जाएगी।

### 10वीं में पुनमश्री 96.2 प्रतिशत के साथ अव्वल

**जगदलपुर।** शहर की लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी पुनमश्री 10 वी सीबीएसई परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक में मेरिट में स्थान लाई है। दीप्ती कान्वेंट में अध्यनरत पिता रजनीश व माता दुर्गा आचार्य की होनहार पुत्री प्रारम्भ से ही पढ़ाई में अव्वल रही है। पुनमश्री का कहना है वह 11 वी में विज्ञान संकाय लेकर नीट परीक्षा की तैयारी करेगी। डॉक्टर बनने का लक्ष्य लेकर आगे की पढ़ाई करने का मन बनाई है। उसके इस सफलता पर परिजन रिशतेदार और शहरवासियों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### हर्षिता 12वीं में 96.8 प्रतिशत अंको के साथ अव्वल

**जगदलपुर।** विद्या ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा हर्षिता पाणिग्राही ने 12 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंको के साथ अव्वल स्थान प्राप्त की है। ग्राम आसना निवासी पिता राजीव पाणिग्राही प्राध्यापक हैं और माता संतोषी पाणिग्राही व्याख्याता है। माता-पिता के मार्गदर्शन में हर्षिता पढ़ाई में प्रारम्भ से ही होनहार है। उसने बताया आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हूं।

### प्लेसमेंट कैंप 21 को

**सुकमा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के निर्देशन में जिला सुकमा एवं अन्य जिले के न्यूनतम 8वीं एवं 12वी , स्नातक, ई.टी.आई.फिटर, कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए रोजगार कार्यालय में 21 मई को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

### सीएमएचओ ने किया सीएचसी नानगुर का भ्रमण

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री द्वारा सीएचसी नानगुर का भी भ्रमण किया गया। उच्च स्तर की चिकित्सा सेवाएं, आयरन फोलिक एसिड गोली, कैल्शियम गोली और समय-समय पर टीकाकरण की जांच के बारे में सभी कर्मचारियों को बताते हुए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बता कर इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। इस अवसर पर बच्चों में होने वाली मौसमी बीमारियों के साथ समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जाने वाले जीवन रक्षक टीकों के बारे में जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा बताया गया। प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि इस अवसर पर सीएससी नानगुर में कार्य सभी स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक अधिकारी और मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा के साथ ही नागरिकों में दिखी देशप्रेम की भावना

# सेना के पराक्रम को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हुए, आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक कार्यक्रम के तहत चिंगावरम और सुकमा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुम्हारास में बड़ी संख्या में

- उपमुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक हुए शामिल

बच्चे, युवा और आम नागरिक सहित जनप्रतिनिधियों ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, वन्दे मातरम, जयहिन्द, जय जवान-जय किसान के नारे लगाये। इस दौरान शहरवासियों में देश के प्रति देशभक्ति की भावना और राष्ट्र प्रेम की झलक दिखाई दी।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक कार्यक्रम के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। गृहमंत्री शर्मा ने आपरेशन सिन्दूर को सफल बताते हुए कहा कि भारत ने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। जिन माताओं का बेटा खोया, जिन बहनों का सुहाग उजड़ा और जिन बच्चों ने अपने पिता खोये उन सभी के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। आज देश के वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भारतीय सेना हमारे देश के गौरव हैं। उनके सम्मान स्वरूप तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आज हम तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के सम्मान के लिये एकजुट हुए हैं। यह गौरवान्वित होने का क्षण भी है कि हम सभी देश की एकता और अखंडता के लिये समर्पित होकर एकसाथ खड़े हुए हैं।

इस अवसर पर इस अवसर पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ अक्षय भोंसले, एएसपी श्री उमेश गुप्ता, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, नगरपालिका अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, अरुण सिंह भदोरिया, नूपुर वैदिक, विश्वराज सिंह चैहान, दिलीप पेद्दी, रंजीत बारठ एवं पार्षदगण सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण, सर्व समाज जन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आतंकवाद पर प्रहार

आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि देश की सुरक्षा में हमारे सेना का महत्वपूर्ण योगदान है। आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से हमारी सेना ने आतंकवाद पर प्रहार किया। सेना के पराक्रम और शौर्य को जन-जन तक पहुंचाने और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सुकमा के नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता दी है।

### सेना ने किया गौरवान्वित

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय सेना के शौर्य के लिए हम सभी गौरवान्वित हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के इस कार्यक्रम में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शांति और सुकून की स्थापना हमारा पहला उद्देश्य : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सुकमा में युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि बस्तर के खूबसूरत घने जंगल में कई सालों से नक्सल विचारधारा को ख़त्म करने का प्रयास

- उपमुख्यमंत्री ने किया युवाओं से संवाद



छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किया जा रहा है। सरकार आने वाले 31 मार्च 2026 तक इसे ख़त्म करने के लिए कड़े इंतजाम कर रहा है इसका आभास करेगुट्टा की पहाड़ियों में चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान से होने लगा है। डिप्टी सीएम ने सुकमा के पत्रकारों के द्वारा खिची हुई बेहद अच्छी और खुशनुमा तस्वीर साझा की और कहा जो बस्तर सुकमा क्षेत्र कभी लाल आतंक (नक्सलवाद) का गढ़ था, जहाँ लोग भय के कारण घरों से नहीं निकलते थे, आज वहाँ के पंचायतों में भयमुक्त होकर फोन चलाते बच्चों को देख मन आनंदित है। आप इस तस्वीर को जरूर देखिए जो लोग नक्सल विचार धारा को समर्थन देते है और कहते है दादा लोग ही पहाड़ों को बचा कर रखें है मैंने कई ऐसे लोगों से मुलाकात की है जो अनजाने में सही लेकिन विस्फोट का शिकार हुए और अपने जीवन के सारे रंग अपने अंग को खोकर खुद को हमेशा के लिए खो दिया है और ऐसे लोग बस्तर संभाग के हर जिले में मौजूद है।

हमें चुनाव करना होगा किसी एक का क्योंकि जहाँ शिक्षा पहुची तो वहाँ लोग शिक्षित होंगे और उन्हें रोजगार और स्वरोजगार मिलेगा। लेकिन नक्सल विचारधारा के समर्थन से हमें क्या लाभ मिल रहा है इस पर बस्तवासियों को गहरे मंथन करने और निर्णय लेने की आवश्यकता है। आप सभी युवाओं से अनुरोध है कि इस नक्सल विचारधारा को समाप्त करने की दिशा में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक करें ताकि बस्तर नक्सल मुक्त हवा में शांति और सुकून की साँस ले सके।

## शानी के व्यक्तित्व और रचनाओं पर कथाकारों ने बताये उनकी विशेषता और संस्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर में जन्मे प्रसिद्ध लेखक गुलशेर खाँ शानी की जयंती पर प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा संगोष्ठी का आयोजन जिला ग्रंथालय में किया गया। आरंभ में जगदीश चंद्र दास ने शानी का जीवन परिचय और उनकी रचनाओं की जानकारी दी। खुदेजा खान ने शानी की पुत्री सूफिया द्वारा प्रेषित संस्मरण को सुनाया । जिसमें उन्होंने अपने पिता शानी के पूरे जीवन को संघर्षपूर्ण बताया और कहा कि वे गालिब और मीर की शायरी से प्रभावित थे। अपने कथा, उपन्यास के पात्रों के लिए वे विशेष और यथार्थवादी नजरिया रखते थे। जगदलपुर के लिए उनके मन में गहरी आत्मीयता थी। करमजीत कौर ने काला जल उपन्यास को यथार्थवादी और विशिष्ट बताया। हिमांशु शेखर झा ने शानी को प्रकृति और मानवीय जीवन सम्बन्धों का कुशल चितेरा लेखक कहा।सुभाष पांडे ने कहा कि शानी का उपन्यास काला जल गूढ़ निहितार्थों की रचना है। उन्होंने नदी और नदियों की दुर्दशा पर केंद्रित अपनी कविताओं को श्रोताओं के समक्ष रखा। सुषमा झा ने शानी को अपना प्रिय रचनाकार कहा। मदन आचार्य ने शानी के उपन्यास नदी और सीपियाँ को केंद्रित कर विचार रखे। योगेन्द्र मोतीवाला ने शानी को गहरे सामाजिक सरोकारों का कथाकार कहा। उन्होंने शानी को मुस्लिम समाज के यथार्थ का चित्रण करने वाला पहला लेखक बताया। उनकी कहानियों -उपन्यासों में बेवाओं, बच्चों और गरीब बेसहारों के लिए गहरी संवेदना है। रचनाओं में प्रकृति का सूक्ष्म चित्रण भी उन्हें विशिष्ट बनाता है।

राजेश सेठिया ने शानी को ऐसा लेखक कहा जिनकी रचनाओं में बौद्धिक शुष्कता नहीं है वरन उनकी रचनाएं विशिष्ट मानवीय संबंधों को गहरे तक रेखांकित करती हैं। अली एम.सैयद ने शानी की समुदायगत विशिष्ट रचनाशीलता का उल्लेख किया। एम ए रहीम ने शानी से जुड़े आत्मीय संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र जोशी, गायत्री आचार्य,जोगेश्वरी आचार्य, रामेश्वर प्रसाद चंद्रा , धनंजय बामने भी शामिल थे। संचालन जगदीश चंद्र दास ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय के नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा और प्रभारी सूरज निर्मलकर का सहयोग रहा।

## सुकमा की बेटी ने जीता गोल्ड

**सुकमा।** जूनियर किक बॉक्सिंग खेल का आयोजन 12 से 13 मई को कोरबा में किया गया। जिसमें छग के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।सुकमा जिले के बेटियों ने अपने खेल से अलग पहचान बनाई। जिसमें 62 किलोग्राम वर्ग में शांति संचिता कोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया वही विद्या मांडवी ने 46 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर नेशनल में अपनी पहचान बनाई।



## महेश नवमी पर्व मनाएगा जिला माहेश्वरी समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



महेश नवमी पर्व को मनाने को लेकर जिला माहेश्वरी समाज की कांकेर में बैठक का आयोजन किया गया। कई विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया गया।

आयोजित बैठक में महेश नवमी पर्व 4 जून को भानुप्रतापपुर में मनाए जाने के लिए निर्णय लिया गया। माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व 4 जून के अवसर में सुबह 8 बजे सर्वप्रथम भगवान उमा महेश का अभिषेक और पूजा अर्चना किया जाएगा। नवमीं पर विविध सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं शरबत वितरण और संध्या शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पूजा पाठ के कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। महेश नवमी के अवसर में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किय जाएगा, जिसमें पूरी बाडी चेकअप किया जाएगा, जिसका लाभ कोई भी सनातनी उठा सकता है। आयोजित बैठक में छगनलाल राठी, नारायण दास राठी, सोहनलाल राठी, शंकर लाल गांधी, मुरली मनोहर, मंत्री निर्मल कुमार महेश्वरी, धर्मेंद्र टावरी, संतोष राठी, राजकुमार राठी, नंदकिशोर गांधी, पवन राठी, प्रसन्न गांधी, ललित गांधी, पंकज चांडक, मिथिलेश चंद्र चांडक, यमेश चांडक, मुकेश राठी, राहुल राठी, रोहित कुमार राठी, जोगराज राठी एवं सामाजिक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## वार्ड पहुंचकर कॉलेज की छात्राओं ने जाना पार्षद और जनता के बीच का संबंध

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने शहीद गुण्डाधुर वार्ड का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में किया गया जिसका संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक सदस्य डॉ. बृजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में किया गया। छात्राओं ने वार्ड का भ्रमण कर सर्वेक्षण अनुसंधान से संबंधित डोर टू डोर जाकर जनता की राय जाना तथा वार्ड मेंबर गायत्री बघेल से अनुसंधान विषय से संबंधित प्रश्न पूछे कि इस वार्ड की जनता आप को ही अधिक मतों से क्यों जिताई आपने ऐसा क्या की? आप आगे जनता के सर्वांगिण विकास के लिए क्या करेंगी जिससे जगदलपुर के अलावां छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्र के पटल पर दिखाई दे सके?वार्ड मेम्बर ने छात्राओ को संतोषजनक उत्तर देकर उनके नए अनुसंधान की सराहना किया।छात्राओं ने साक्षात्कार लेकर प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से राजनीतिक व्यवहार, सार्वजनिक राय, सेवा की गुणवत्ता, राजनीतिक विश्लेषण और व्यवहार का डेटा संग्रह किया जो शोध छात्राओं को नए अनुसंधान में सहायक सिद्ध होगा।

## दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 33 मेन रोड के पास बाइक सवार ने

- बाइक चालक के खिलाफ अपराध कायम




स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसकी ईलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि 14 मार्च को मृतक पीव्ही 33 निवासी 34 वर्षीय विपुल विश्वास पिता स्व. बिरेन्द्र विश्वास निजी काम से पखांजूर जा रहा हूं बोलकर अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएस 4808 में सवार होकर दोपहर साढ़े बजे निकला था। दोपहर करीबन डेढ़ बजे ग्राम पीव्ही 33 मेनरोड ट्रैक्टर शोरूम के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही बिना नंबर मोटर सायकल के चालक उदय गाईन ग्राम पीव्ही 74 थाना बांदे द्वारा तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल को चलाते हुए विपुल विश्वास के स्कूटी वाहन को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया। विपुल विश्वास के सिर व अन्य जगहों में गंभीर चोट आने से ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती किए। डाक्टर द्वारा उच्च ईलाज के लिए रिफर किए जाने पर रायपुर में ईलाज के लिए भर्ती किया। ईलाज दौरान 16 मार्च को उसकी मौत हो गया। आरोपी बिना नम्बर मोटर चालक के चालक उदय गाईन ग्राम पीव्ही 74 थाना बांदे का कृत्य अपराध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## समर कैंप में छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का हो रहा है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



जिला प्रशासन स्कूल विभाग के द्वारा दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए सुबह 7 बजे से 10 बजे तक प्रतिदिन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का समापन 21 मई को होगा।

समर कैंप का संचालन सेजेश दुर्गूकोंदल में 7 मई से लगातार चल रहा है, जिसमेंयोग प्रशिक्षक शंकर नागवंशी द्वारा योग एवं प्राणायाम, चित्रकारी क्राफ्ट का भावना प्रजापति, लता निषाद, जागृति उयके,गायन व नृत्य सुचिता उयके, प्रमिला शाहा, खेल हरीश नागराज, राजेश कुर्रे, कबाड़ से जुगाड़ किशोर विश्वकर्मा, रामचंद्र दुग्गा ,पुरुषोत्तम साहू ,धनाजु नरेटी, लेखन निबंध कहानी ओणम साहू, डीके पटेल, स्पोकन इंग्लिश किशन विश्वकर्मा श्रुति कीर्ति पांडे, बेसिक कंप्यूटर नमन कुमार चंद्राकर एवं शिक्षाप्रद फिल्मों का प्रशिक्षण बैजनाथ नरेटी एवं शैलेंद्र मरकाम के द्वारा दिया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से शिक्षकों के द्वारा जोड़ा जा रहा है। शासन की मंशा पर सभी बच्चे खरा उतर रहे हैं। इसके साथ ही ब्लॉक के सभी संकुलों के सभी विद्यालयों में सुबह समर कैंप का आयोजन लगातार किया जा रहा है। सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अपने-अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर भी शिक्षा दे रहे हैं सभी बच्चे उत्साहित होकर के अपने-अपने स्कूल आ रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर संबलपुर में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

संबलपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भारत माता के जयघोष, वंदे मातरम् और जय जवान, जय हिंद के नारों से वातावरण गूंज उठा।



तिरंगा यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं थी, बल्कि यह हमारी सेना के पराक्रम, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान के प्रति हमारी भावनाओं की गूंज थी। जिस तरह से हमारे बहादुर जवानों ने जान की परवाह किए, बिना नक्सल क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा का संदेश दिया, वह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह तिरंगा यात्रा हमें यह स्मरण कराती है कि हमारा राष्ट्र हमारे वीर सपूतों की बहादुरी और त्याग के बल पर सुरक्षित है। यह हमारा कर्तव्य है, कि हम उनके बलिदानों को कभी न भूलें और अपने कर्मों से देश की सेवा में लगे रहें। एक झंडा, एक पहचान, भारत के वीरों को हमारा सलाम, तिरंगे की शान में, हम सब एक हैं, यह हमारी जान है, यह हमारी पहचान है। तिरंगा यात्रा में ग्राम पंचायत संबलपुर की सरपंच अनिता रावटे, जनपद सदस्य गिरिजा देवी साहू, उपसरपंच गौरव चोपड़ा, भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संतोष बाजपेयी, राजीव श्रीवास, रवि ठाकुर व सभी वार्ड पंच, महिला समूह, मितानिन बहनें, एवं गांव के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत पोड़गांव निवासी 37 वर्षीय दानेश्वर मांझी के ऊपर आकाशीय बिजली करने से 16 मई को शाम 6 बजे मौत हो गई। पोड़गांव निवासी 40 वर्षीय तेज सिंग मांझी ने पुलिस को बताया कि मृतक दानेश्वर के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक व्दारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्पर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411